हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 मार्च 2024

04 उपार्जन केंद्रों पर किसानों का सम्मान कर उपार्जन ...
07 आज के युग में प्रकृति ने जो हमें दिया उसका लाभ...






### होली को लेकर सजे बाजार

कानड़। फाल्गुन मास शुरु होते ही हर किसी को होलिका पर्व का इंतजार रहता है इसी उम्मीद में व्यापारी भी पूरी तैयारी करता है।होली धुलंडी पर्व पर नजदीक आ रहा है लेकिन बाजार में अभी पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है इधर बाजार में व्यापारियों द्वारा होली पर्व को लेकर दुकानों को सजा धजा कर अच्छी ग्राहकी की उम्मीद लगाए बैठे हैं किराना दुकानों पर नारियल और क्षेत्र में बिकने वाले शक्कर से निर्मित हार जिनकी खरीदी ग्रामीण अंचल के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर की जाती है दुकानों पर सुसज्जित तरीके से लगे हुए हैं वही बाजार में रंगों की दुकान भी सजी हुई है सिर्फ इंतजार है तो अच्छी ग्राहकी का लेकिन दूसरी तरफ इस समय किसान व ग्रामीण जन रबी फसलों को निकालने के लिए खेतों पर डटे हुए हैं जो खेती-बाड़ी का काम निपटने पर बाजार में अपना रूख करेंगे।

### ग्राम पंचायतों के पास आग बुझाने के संसाधनों का अभाव

# गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग, 30 से 35 बीघा की फसल जलकर खाक

तहसील के ग्राम पीलवास में शॉर्ट सर्किट (स्पार्क) के कारण 3 किसानों की लगभग 30-35 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। नलखेड़ा से फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग में लगभग 8 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बुधवार को तहसील के ग्राम पीलवास में शार्ट सर्किट (स्पार्क) होने से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग में लक्ष्मीनारायण पिता सिद्धनाथ, गोपाल पिता लक्ष्मीनारायण, मुकेश पिता लक्ष्मीनारायण की लगभग 30-35 बीघा की फसल जल कर खाक हो गई। आग इतनी विकराल थी कि नलखेड़ा से फायर ब्रिगेड पहुंची उसके बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से हुवे नुकसान का हल्का पटवारी द्वारा मौका मुआयना कर पंचनामा बनाया गया है। अनुमानित रूप से तीनों किसानों का कुल 8 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

### हर साल किसानों की लाखों की फसल हो जाती है राख



ग्राम पंचायतों के पास इतने संसाधन नहीं है कि वहां आग की घटना को तत्काल काबू में कर सके। फलस्वरुप आग लगने पर ग्रामीणों को लाखों रुपए का नुकसान प्रतिवर्ष उठाना पड़ता है। आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए पंचायतों और जनपद पंचायत में पर्याप्त संसाधन नहीं है। पानी के टैंकर भी अधिकांश पंचायत में खराब पड़े हैं और न तो उनके पास ट्रैक्टर है और इंजन भी नहीं लगे हैं। मजबूरन ग्रामीण आगजनी की घटना होने पर नगर परिषदों की दमकलों को बुलाते हैं। पीलवास में घटित आगजनी की इस घटना में भी नगर परिषद नलखेड़ा की दमकल मौके पर पहुंची जिसके द्वारा आग पर काबू पाया गया। नलखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत 48 ग्राम पंचायत में लगभग 100 से अधिक ग्राम लगते हैं। ग्राम पंचायत के पास आग काबू में करने के साधन नहीं है। नगर परिषद नलखेड़ा तथा आसपास की सुसनेर व आगर के पास दमकल है जो कि नगर व अंचल के खेत खलियानों में व मकान में लगने वाली आग को काबू में करने के लिए मौके पर पहुंचते हैं। परेशानी उस समय होती है जब एक ही समय में दो विपरीत दिशाओं में एक साथ आगजनी की घटना हो जाती है, लेकिन दमकल एक ही स्थान पर पहुंच पाती है। तहसील क्षेत्र के कई ग्रामों में प्रतिवर्ष इन दिनों में आगजनी की घटनाएं घटित होती है। ग्राम पंचायतों के पास संसाधनों की कमी के चलते इसका खामियाजा किसानों को प्रतिवर्ष उठना पड़ता है।

## नगर की बेटी ने किया नाम रोशन बनी डॉक्टर,दी बधाईयां



**नलखेड़ा।** स्थानीय दिगम्बर जैन समाज के प्रतिष्ठित सोगानी परिवार की बेटी ने एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री प्राप्त कर परिवार सहित नगर का नाम रोशन किया है। नगर के सोगानी परिवार के कमल सीमा सोगानी की होनहार पुत्री कु. अक्षिमा सोगानी द्वारा एमबीबीएस डॉक्टर की उपाधि प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, समाजजनों, इष्टमित्रों सहित नगरवासियों द्वारा शुभकामनाएं बधाई देते हुए बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। डॉ. अक्षिमा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी माता- पिता परिवारजनों व गुरुजनों को दिया है।

## शासकीय महाविद्यालय में विश्व गौरैया दिवस मनाया



**नलखेड़ा।** भारत और दुनियाभर में गौरैया पक्षी की संख्या में लगातार हो रही कमी और बच्चो को गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में गौरैया संरक्षण के संबंध में विभिन्न गतिविधियों की गई। जिसमें गौरैया के घोसलों को सुरक्षित करना, पेड़ों के नीचे छांव में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना तथा बच्चों को गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूक करना। चूंकि गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। गौरैया की लुप्त होती प्रजाति और कम होती आबादी बेहद चिंता का विषय है। ऐसे में इस दिन को मनाने के बारे में सोचना वाकई गौरैया और दूसरे गायब होते पक्षियों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए सराहनीय कदम है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जीएल रावल, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ.प्रेरणा पाठक, डॉ. सर्वेश व्यास, डॉ.गोपाल कुरील एवं सोशल मीडिया प्रभारी डॉ.जितेंद्र चावरे, विष्णु प्रसाद उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों ने फिर बछड़े को बनाया निशाना, काटने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में आवारा कुत्तों का आतंक कम होने का नाम ही नही ले रहा है। ये कुत्ते जहाँ नागरिकों को तो काट ही रहे है वही गोवंश को भी नही छोड़ रहे है। बुधवार को फिर गाय के एक बछड़े को बुरी तरह काटकर घायल कर दिया गया। जिसकी मौत हो गई। बुधवार को भैसोदा रोड़ पर आवारा कुत्तों ने गाय के एक बछड़े को जगह - जगह काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसका गौसेवकों द्वारा उपचार करवाया गया। लेकिन बछड़े को बचाया नही जा सका और उसकी मौत हो गई। गौरतलब है कि इसके पूर्व में भी नगर में आवारा कुत्ते गाय के बछड़ो को अपना निशाना बना चुके है जिनमे दो बछड़ो की मौत भी हो चुकी है। बुधवार को कुत्ते के काटने से गोवंश की मौत का यह तीसरा मामला सामने आया है। इसके साथ ही ये आवारा कुत्ते राह चलते नागरिकों को भी काट रहे है जिसके कारण इनका आतंक बढ़ताही जा रहा है।

### नप को कुत्ते पकड़ने का अभियान लगातार चलाना चाहिए

नगर परिषद द्वारा इस प्रकार की घटनाएं सामने आने व समाचार पत्रों में खबरों का प्रकाशन होने के बाद एक दिन आवारा कुत्तों के पकड़ने का अभियान चलाती है। नगर परिषद को नगर में ऐसे आवारा कुत्तों का आतंक कम करने के लिए लगातार कुछ दिनों तक इन्हें पकड़ने का अभियान चलाया जाना चाहिए।



## कृषकों को केंद्र प्रभारियों ने पुष्प माला पहनाकर किया स्वागत

### जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य जिलेभर के सभी खरीदी केन्द्रों पर प्रारंभ हो गया है। उपार्जन केन्द्रों पर प्रथम दिन अपनी उपज बेचने आने वाले कृषकों को केन्द्र प्रभारियों द्वारा पुष्प माला पहनाकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात खरीदी कार्य का शुभारम्भ किया गया। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आगर के खरीदी केन्द्र सीतामोती वेयर हाउस पर तौल कांटो का पूजन कर एवं कृषकों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत कर खरीदी कार्य का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ अवसर पर उपायुक्त सहकारिता एनएस भाटी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एनएस मुवेल, जिला प्रबंधक वेयर हाउस अशोक कुमार शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर नोडल अधिकारी ज्ञानप्रकाश तिवारी एवं जिला विपणन अधिकारी विक्रमसिंह परमार उपस्थित रहे।

## सरस्वती माता का पंद्रह दिवसीय धार्मिक मेला 24 मार्च से 7 अप्रैल तक लगेगा

### नलखेड़ा में वर्षों बाद फिर से लग रहा मेला, मेले में पहुंचे मनोरंजन के साधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नलखेड़ा नगर में वर्षो बाद फिर सरस्वती माता का धार्मिक मेला लगाया जावेगा। यह मेला 24 मार्च से 07 अप्रैल तक चलेगा। मेले के आयोजन को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुवे नगर परिषद सीएमओ मुकेश भंवर ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा आगामी 24 मार्च से 07 अप्रैल तक पंद्रह दिवसीय विशाल धार्मिक मेले का आयोजन धरोला रोड़ पर श्रीनाथ धाम मंदिर के सामने ओम पंडित की भूमि पर किया जावेगा। उन्होंने बताया कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सिनेमा, नोटंकी,सर्कस, झूले जैसे विभिन्न मनोरंजन के साधन रहेंगे साथ ही विभिन्न सामग्रियों की दुकानें व चटपटे व्यंजनों की दुकानें रहेगी। सीएमओ श्री भंवर ने बताया कि मेले में मांस, मदिरा की दुकानें एवं जुआँ या उससे मिलते जुलते खेल लगाने की अनुमति नही रहेगी। मेले में आने वाले नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेले के ध्वज की स्थापना पूजन 24 मार्च को होगी।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी ने बताया कि नगर में आयोजित होने वाले इस धार्मिक मेले के लिए अभी से ही दुकानों का आना प्रारंभ हो गया। जो नगर परिषद से अपनी दुकान अलर्ट कर स्थान चिन्हित कर रहे हैं। वहीं बच्चों तथा युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के झूलें भी मेला ग्राउंड पर पहुंच गए हैं। जिनके द्वारा झूलें लगाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि नलखेड़ा नगर में नगर परिषद द्वारा पूर्व में वर्षो तक मां सरस्वती का धार्मिक व मवेशी मेला आयोजित किया जाता रहा है लेकिन गत कुछ वर्षो से मेला आयोजित करना बंद कर दिया गया था। इस वर्ष से पुनः मेला प्रारम्भ किया जा रहा है। जहां नगरवासियों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को भी मनोरंजन के साधनों के साथ अपनी आवश्यकता की सामग्री खरीदने में सुविधा होगी।

## बूथ विजय संकल्प अभियान को लेकर कर रहे संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



तहसील के ग्राम भैसोदा मैं भाजपा द्वारा बुथ क्रमांक 221 पर बुथ विजय संकल्प अभियान को लेकर पार्टी की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पोलिंग बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य लेकर सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सभी शासन की योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से मिलकर सभी भाजपा के वरिष्ठ जनों से मिलकर तथा अबकी बार 400 पार का लक्ष्य लेकर संपर्क अभियान प्रारंभ किया।

ग्राम भैसोदा में बूथ क्रमांक 221 पर प्रवासी अतिथि मोहनलाल नागर भाजपा जिला कार्यालय मंत्री, बूथ संयोजक श्याम लाल पाटीदार, वरिष्ठ भाजपा नेता नाथूलाल परमार, गिरिराज, गोवर्धन पाटीदार व भारतीय जनता पार्टी के श्रेष्ट कार्यकर्ताओं के साथ पोलिंग बूथ का भ्रमण कर संपर्क किया। वहीं संगठन ऐप पर अपलोड करने का कार्य किया।

आगामी लोकसभा चुनाव के तारतम्य में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की मंशा अनुसार बूथ विजय संकल्प अभियान संपूर्ण राष्ट्र में चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मतदान केंद्र क्रमांक 95 हिरणखेड़ी के बूथ पर विस्तारक के रूप में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका जैन ने ग्राम में जाकर अभियान के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लाभार्थियों से संपर्क किया गया। जिसमें घर-घर जाकर भाजपा सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई।

### पहले दिन 600 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई, कानड़ में 1458 किसानों कराया पंजीयन

## नगर के दो समर्थन मूल्य केंद्रों में शुरू हुई गेहूं की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

20 मार्च से समर्थन मूल्य केंद्र पर गेंहू खरीदी शुरु हुई है इसी के अन्तर्गत कानड़ सहकारी साख संस्था का खरीदी केंद्र कानड़ से पांच किलोमीटर दूर सामगी माना स्थित पाटीदार वेयर हाउस पर खिरीदी क्रमांक 1 व 2 शुरु किया गया है। यहां पहले दीन 20 मार्च को प्रभारी शाखा प्रबंधक नंदकिशोर वर्मा,विद्याधर शर्मा, राकेश बीजापरी द्वारा पुजन पाठ कर खरीदी का श्री गणेश किया गया लेकिन 20 मार्च को कोई कृषक अपनी उपज बेचने नहीं आए।21 मार्च को खरीदी केंद्र क्रमांक 2 पर लगभग 600 क्विंटल गेहूं की खरीदी की गई जबकि खरीदी क्रमांक 1 पर शाम 4:30 बजे तक कोई किसान उपज लेकर नहीं आया था। प्रबंधक नंदकिशोर वर्मा ने बताया कि कानड़ संस्था में 1458 किसानों ने पंजीयन कराए है।




### सर्व सुविधा युक्त है वेयर हाउस

पाटीदार वेयर हाउस खरीदी केंद्र के लिए और किसानों की सहूलियत के लिए सुविधा युक्त है यहां किसानों के वाहन पार्किंग हेतु उपुक्त व्यवस्था है पेय जल की व्यवस्था और व्रक्षों की ठंडी छांव है। यहां किसानों को अपनी उपज की तुलाई का नंबर आने का इन्तजार करने पर उन्हें परेशानी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहीदी दिवस पर विचार गोष्ठी 23 को

देवास। शहीदे-ए-आजम भगत सिंह जो भारत के महानतम सपूतों में से एक थे। प्रगतिशील लेखक संघ इकाई द्वारा उनके 94वें शहीदी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। अध्यक्ष कुसुम वाघडे, उपाध्यक्ष एल परमार, सचिव राजेन्द्र राठौर एवं उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपूत ने बताया कि 23 मार्च, शनिवार को शाम 4 बजे कामना नगर, मील बालगढ रोड, शासकीय नर्सरी के सामने होने वाली विचार गोष्ठी में शहीद भगतसिंह के सम्पूर्ण जीवन पर गीत, गजल, कविता, भाषण, परिचर्चा होगी। जिसमें शहरभर के लेखक, लेखिका, कवि, कवयित्री एवं नौजवान शामिल होकर अपनी प्रस्तुति देंगे।

### घर-घर दे रहे आमंत्रण

देवास। 30 मार्च रंगपंचमी के अवसर पर सामाजिक समरसता मंच देवास द्वारा श्री राधा कृष्ण फाग यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्री अयोध्या धाम (जवाहर चौक)से मथुरा धाम (सयाजी द्वार) तक यात्रा परंपरागत रूप से निकाली जाएगी। जिसमें अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा समाज, संगठनों को घर-घर जाकर बैठकों के मध्यान से सामुहिकतौर से सूचना और आमंत्रण दिए जा रहे है इसी तात्पर्य में जनजाति समाज संगठन की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में अमित राव पवार ने सभी उपस्थितों से आह्वान किया।

कलेक्टर गुप्ता ने देवास जिले के विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

# उपार्जन केंद्रों पर किसानों का सम्मान कर उपार्जन कार्य का किया शुभारंभ

किसानों से गेहूं की गुणवत्ता, तौल व्यवस्था, गेहूं उत्पादन, मंडी दर, व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर गुप्ता ने किया संवाद।
किसानों को तिलक, साफा बांधकर किया स्वागत सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने स्टील सायलो दुर्गापुरा में स्थापित 07 उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को तिलक, साफा एवं मिठाई खिलाकर उपार्जन कार्य का शुभारम्भ किया। किसानों से गेहूं की गुणवत्ता, तौल व्यवस्था, गेहूं उत्पादन, मंडी दर, आदि व्यवस्थाओं के संबंध में संवाद भी किया। साथ ही स्टील सायलो की हाईड्रोलिक तौल व्यवस्था, स्टोरेज प्लांट का निरीक्षण भी किया। शासकीय वेयरहाउस सिया में स्थापित 03 उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी संस्था देवास केन्द्र, उपकेन्द्र, बैरागढ में भी उपार्जन कार्य का शुभारम्भ किया गया। विकासखण्ड टोंकखुर्द में गंगा वेयरहाउस स्थित सेवा सहकारी संस्था टोंककला, टोंकखुर्द स्थित सेवा सहकारी संस्था जमोनिया, आदिनाथ वेयरहाउस स्थित वृहताकार संस्था टोंकखुर्द तथा कंचन वेयरहाउस स्थित सेवा सहकारी संस्था संवरसी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किय गया। समस्त उपार्जन केन्द्रों में कृषकों से उपार्जन व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई एवं सभी उपार्जन केन्द्रों को शासन नियमानुसार कृषक सुविधायें, तौल, गुणवत्ता मापदण्ड का पालन करने निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा, उपायुक्त सहकारिता परमानंद गोडारिया, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिवारी, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग संतोष खलको, तहसीलदार दीपिका परमार, तहसीलदार राकेश यादव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। गेहूं उपार्जन के लिए 31 मार्च तक पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में 134 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। जिले समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन का कार्य किया जायेगा। जिले में अनुभाग देवास में 21, सोनकच्छ 15, टोंकखुर्द में 11, बागली में 10, उदयनगर में 06, हाटपिपल्या में 12, कन्नौद में 16, सतवास में 14 एवं खातेगांव में 29 केन्द्र बनाये गये है।

किसानों को नजदीकी उपार्जन केन्द्र में तौल करने के लिए गतवर्ष अनुसार स्लॉट सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें किसान अपनी प्राथमिकता से दिनांक एवं समय का चयन कर तौल करा सकते है। उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटा, छन्ना, सिलाई मशीन, किसानों की सुविधा के लिये छाया, पानी, टेन्ट कुर्सी आदि की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सर्वेयर के साथ-साथ गुणवत्ता नियंत्रण दल का गठन किया गया है, जिसमें स्थानीय पटवारी, पंचायत सचिव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं समिति प्रबंधक नियुक्त किये गये है। दल उपज की गुणवत्ता एफ.ए.क्यू. चेक करेंगे। यदि गुणवत्ता के संबंध में कोई संशय होता है तो उपार्जन केन्द्रों पर उपज को अपग्रेड करने के लिए छन्ना उपलब्ध कराये गये है, जिससे किसान गेहूं अपग्रेड कर सकते है।

किसानों को विक्रय पश्चात आधार लिंक खाते में भुगतान किया जायेगा। शासन के निर्देशानुसार उपार्जन केन्द्रों पर फ्लेट तौल कांटा प्रतिबंधित है। यदि किसी उपार्जन केन्द्र अथवा गोदाम संचालन द्वारा उपार्जन तौल के संबंध में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# कंटेनर और बाइक के बीच टक्कर, मां-बेटे की मौत

मक्सी रोड बायपास मार्ग पर हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मक्सी रोड़ बायपास मार्ग पर बाइक पर सवार माँ बेटा व मामा को तेज गति से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिसमें तीनों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टर ने एक बालक को मृत घोषित कर दिया व मां व मामा का प्राथमिक उपचार कर इंदौर रेफर कर दिया गया। इंदौर पहुंचने के बाद माँ की भी मौत हो गई जिसका शव देवास जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां मां व बेटे का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले को लेकर बीएनपी थाना पुलिस ने कंटेनर जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में इंदौर पहुंचने के बाद माँ की भी मौत हो गई जिसका शव देवास जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां मां व बेटे का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह ग्राम फतनपुर कलमा के समीप से देवास की ओर बाइक पर तीन लोग जिसमें शुभम पिता नंदकिशोर, कल्पना पति रुपेश बिलावलिया व प्रीतम उम्र 4 वर्ष तीनों को अंधगति से आ रहे कंटेनर ने मक्सी रोड़ बायपास मार्ग पर जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बालक की मौत हो गई, वहीं शुभम व कल्पना को गंभीर अवस्था में इंदौर रेफर किया गया। कल्पना की स्थिति गंभीर थी इंदौर पहुंचने के बाद उसकी भी मौत हो गई। मृतिका के शव को देवास जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां माँ व बेटे के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए। परिजनों के मुताबिक बताया गया है कि प्रीतम के उपचार के लिए वह तीनों देवास जिला चिकित्सालय आ रहे थे उसी दौरान यह हादसा हो गया। डॉक्टर पाटीदार ने बताया कि घायल शुभम उसकी बहन कल्पना को इंदौर रेफर किया गया था। हादसे में घायल शुभम का पैर टूट गया व कल्पना की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। मामले को लेकर बीएनपी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

# श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति की महिलाओं ने मनाया फाग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



तिलक नगर स्थित श्री पिप्लेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में मन्दिर समिति की महिला मण्डल द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम शिव मन्दिर मे श्री पिप्लेश्वर महादेव जी पूजन किया। उसके पश्चात सभी महिलाओं ने फाग गीत गाये। कृष्ण बनी ठाकुर मेडम ने मनमोहक प्रस्तुती दी। साथ ही राजरानी धूत ने राधा जी बनकर कार्यक्रम को सुंदरता दी। संगीता सोनी मार्डन कृष्ण के रूप मे सभी सखियों के संग हंसी मजाक करती नजर आई। केमिकल रहित रंग गुलाल व पुष्प वर्षा करते हुए लगभग तीन घण्टे तक फाग गीत व भजनों की प्रस्तुती चलती रही। अंत मे मिठाई प्रसाद स्वल्पहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से सविता शर्मा, रानी राठौर, माधुरी शर्मा, शीला राजपूत, उषा मिश्रा, ममता गुप्ता, शोभा जी, रीता गौड, स्नेहलता, संगीता, पवार मेडम, गौर भाभी, गुप्ता भाभी महिलाएं उपस्थित थी।

## एस रग्बी डिविजन 3 नेशनल कैंप में देवास के खिलाड़ी होंगे शामिल

देवास। मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर और जिला सचिव संदीप जाधव ने बताया की 25 से 30 मार्च तक भुवनेश्वर, उड़ीसा में होने जा रही 15 एस डिवीजन 3 रग्बी प्रतियोगिता में देवास जिले से विशाल सिंह, राजवीर ठाकुर, सूरज वामनिया, सुमित शर्मा, उदय भावसार, निखिल सिंह, आलोक सिंह, गौरव मालवीय, रोहित मालवीय, आकाश चौहान, लखन योगी, जय पटेल, रोहित पटेल, निखिल पटेल, राजपाल, रोहित चौधरी, मोहमद सादिक का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट विद्यालय के खेल प्रशिक्षक एवं खेल जगत में सबसे जाना माना कोच महेंद्र सिंह दलवी, प्रेस क्लब सचिव चेतन राठौड़ द्वारा अपने शब्दों से अपने गेम में और अधिक निखार लाने के लिए, मार्गदर्शन देते हुए शुभकामनाएं दी। दोनों अतिथियों का स्वागत जिला रग्बी एसोसिएशन के सह सचिव पावन पाटिल, वॉलीबॉल के कोच प्रमोद चौहान, नेशनल खिलाड़ी साक्षी चौहान, रश्मि ठाकुर, देवराज सांगते ने किया। प्रियंका ठाकुर, हरिप्रिया यादव, शीतल चौधरी, तनिषा पांचाल, भावना गुर्जर, गोरेश्वरी राठौर मौजूद रहे। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्य प्रदेश के सचिव और जिला अध्यक्ष अबरार अहमद शेख, मध्य प्रदेश रोलर बास्केटबॉल के सचिव पावन यादव, किरण राव, खुशबू पाटिल, अश्विनी जाधव, अर्पणा यादव, शैलेंद्र चंद्रवंशी, धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, ऋतुराज सिंह, साक्षी चौहान, हार्दिक मंडलोई, आनंद बालोदिया, सुनील मालवीय, आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



# एमजी रोड पर हटाया अस्थाई अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

नागरिको के सुलभ आवागमन की सुविधाओं के लिए शहर के सबसे व्यस्ततम एमजी रोड का जिला व नगर निगम प्रशासन के द्वारा अस्थाई अतिक्रमणों को हटाये जाने की कार्यवाही तहसीलदार सपना शर्मा के निर्देशन मे की गई।

जिसमे सयाजी द्वार के पास स्थित पुराने कलेक्टर कार्यालय के समीप, खेडापति मंदिर, सिटी कोतवाली, तहसील चौराहा, पीपली बाजार, नावेल्टी चौराहे के दोनो तरफ अस्थाई अतिक्रमण होने से इस व्यस्ततम मार्ग से निकलने वाले नागरिको को आवागमन मे बाधा उत्पन्न होती हैं, और जाम की स्थिति भी बनी रहती है, इसी के मद्देनजर अस्थाई अतिक्रमणों को हटाए जाने की मुहिम शुरू की गई।

निगम की टीम द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई तथा तहसीलदार ने व्यवसाईयों को समझाईश दी गई की वे अपनी हदों मे ही सामग्री रखकर अपना व्यवसाय करें जिससे नागरिको को आवागमन मे बाधा उत्पन्न न हो। इसी अन्तर्गत पीपली बाजार मे बीच रोड पर एक नवीन निर्माण के मलबे को निगम की जेसीबी मशीन से उठवाया जाकर ट्राली के माध्यम से हटाया गया। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार के साथ निगम स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, हरेन्द्रसिह ठाकुर, दरोगा अबरार पठान व उनकी टीम साथ रही।

# जिलाध्यक्ष ने कथा स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

नगर के समीप बागली बैहरी मार्ग पर भोमिया जी मंदिर परिसर में राष्ट्रीय कथावाचक संत कमल किशोर नागर की भागवत कथा होना है। जिसको लेकर आयोजन स्थान पर तैयारिया प्रारंभ हो चुकी है। गुरुवार के दिन भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल एवं युवा मोर्चा जिलाअध्यक्ष राम सोनी आयोजन स्थल पर पहुंचे। जहां पर बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव के साथ कथा स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बता दे की क्षेत्र में कमल किशोर नागर की यह दूसरी भागवत कथा होगी, जो की 26 मार्च से प्रारंभ होगी। होने वाले आयोजन को लेकर कथा स्थल पर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। कथा पांडाल एवं कथा वाचक कमल किशोर नागर के ठहरने की व्यवस्था आवश्यक सभी तैयारियां की जा रही है। इस दौरान दोनों जिला अध्यक्षों द्वारा एसडीओपी सृष्टि भर्गव के उपस्थिति में कार्यक्रम के दौरान होने वाली व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान आयोजन में सहयोग करने वाले अन्य क्षेत्र के वरिष्ठजन व ग्रामीण भी उपस्थित रहे।



## जिले में अवैध तरह से काटी गई कॉलोनी पर होगी सख्त कार्रवाई, महापौर ने दिए निर्देश

देवास। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शासन के निर्देश अनुसार देवास शहर में अवैध तरीके से काटी गई कॉलोनी को तत्काल चिन्हित कर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश आयुक्त रजनीश कसेरा को दिए। उल्लेखनीय है कि अवैध तरीके से काटी गई कॉलोनी से शहर के आम नागरिक ठगी के शिकार होते हैं और कई परेशानियों को खड़ी करते हैं। इस तरह से अवैध कालोनी काटने वाले दोषी कॉलोनी नाइजरों को उनकी कॉलोनी चिन्हित कर सख्ती से उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने आयुक्त रजनीश कसेरा को दिए।

# जागरूकता वाहन से मतदाताओं को वोट करने के लिए करेंगे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास हिमांशु प्रजापति ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम बिहारी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता वाहन में बैनर्स, पोस्टर्स, स्लोगन्स, प्लाज्मा टीवी के जरिये मतदाता जागरुकता गीत, रील, वीडियो आदि दिखाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार का उपयोग अवश्य करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। ये प्रचार वाहन अगले एक महीने तक लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान जिले में अधिकतम आबादी तक पहुंचकर वोटिंग के लिये प्रेरित करना का कार्य करेंगे।

जाहिर सूचना

**मकान/भवन ग्राम गुराडियाकला स्थित के संबंध मे**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धर्मेन्द्र पिता मांगीलाल जी पाटीदार निवासी-गुराडियाकला को उनकी स्थाई अचल संपत्ति मकान / भवन ग्राम गुराडियाकला ग्राम पंचायत गुराडियाकला के वार्ड न. 09 में स्थित जिसका मकान कमांक 131 क्षेत्रफल 939.25 वर्गफीट का स्थित है। जिसकी चर्तुःसीमा इस प्रकार है-पूर्व दिशा में-गोरधनलाल जी पाटीदार का प्लाट पश्चिम दिशा में आम रास्ता उत्तर दिशा में-मांगीलाल जी पाटीदार का मकान, दक्षिण दिशा में गोरधनलाल जी पाटीदार का मकान स्थित है। उक्त मकान को श्री धर्मेन्द्र पिता मांगीलाल जी पाटीदार निवासी-गुराडियाकला ने श्री मनोहरलाल पिता राजाराम जी पाटीदार निवासी-गुराडियाकला से क्रय किया होकर जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन दस्तावेज कमांक A1/135 दिनांक 01/05/2010 के द्वारा पंजीबद्ध हुआ है। उक्त मकान तथा उससे संबंधित पंजीकृत विक्रय पत्र को श्री धर्मेन्द्र पिता मांगीलाल जी पाटीदार निवासी गुराडियाकला को दी जाने वाले ऋण सुविधा की अदायगी के बतौर हमारे पक्षकार बैंक बैंक ऑफ इंडिया शाखा करनावद के पक्ष में साम्यिक बंधक किया जाना प्रस्तावित है।, यह कि, उक्त मकान तथा उससे संबंधित दस्तावेज की श्रृखंला मे उक्त मकान पुर्व मे श्री मनोहरलाल पिता राजाराम पाटीदार का नाम ग्राम पंचायत गुराडियाकला में मकान मालिक के रूप मे दर्ज रहा है। मकान के स्वत्व संबंधी दस्तावेज के संबंध में ग्राम पंचायत गुराडियाकला द्वारा श्री मनोहरलाल पिता राजाराम जी के नाम से उक्त मकान वर्ष 1980 से वर्ष 2010 तक अर्थात 30 वर्ष तक मकान मालिक के रूप में श्री मनोहरलाल जी के नाम से रहा है, ऐसा प्रमाण-पत्र ग्राम पंचायत गुराडियाकला द्वारा जारी किया गया है। उक्त प्रमाण-पत्र के अलावा श्री मनोहरलाल जी के पास उक्त मकान के स्वत्व संबंधी कोई दस्तावेज नही हे, ऐसी जानकारी श्री धर्मेन्द्र द्वारा हमारे पक्षकार बैंक को दी गई है। यह कि, यदि उक्त मकान तथा उससे संबंधित उक्त दस्तावेज (पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक A1/135 दिनांक 01/05/2010) के अलावा अन्य कोई दस्तावेज जो कि श्री मनोहरलाल के स्वत्व के संबंधित हो, किसी व्यक्ति अथवा संस्था अथवा बैंक के पास हो अथवा साम्यिक बंधक अथवा रहन हो तथा उक्त भूखण्ड / मकान के संबंध मे कोई स्वत्व संबंधी विवाद हो तो हमारे पक्षकार बैंक अथवा हमे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिन मे सूचित करे अन्यथा हमारे पक्षकार बैंक द्वारा उक्त सम्पत्ति तथा पंजीकृत विक्रय पत्र पर दी जाने वाली ऋण सुविधा की अदायगी के बतौर साम्यिक बंधक की जावेगी तथा उक्त मकान तथा उससे संबधित पजीकृत विक्रय पत्र पर हमारे पक्षकार बैंक ऑफ इंडिया शाखा करनावद का प्रभार प्रथम माना जावेगा।

राजेन्द्र ईनाणी
एड्व्होकेट बागली
99264-660011

जिला अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया

# न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय खंडपीठ के आतिथ्य में हुआ समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिला अभिभाषक संघ की नव निवार्चित कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह सम्पन्न हुआ। सचिव अतुल कुमार पंड्या ने बताया कि मंगलवार को कैलादेवी मंदिर के समीप स्थित डागा पैलेस में सम्पन्न हुए जिला अभिभाषक संघ के नव निवार्चित कार्यकारिणी शपथ विधि समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर विजय कुमार शुक्ला थे। अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा साहब ने की।

अतिथियों का पुष्पगुच्छ व पुष्प मालाओं से स्वागत जिला अभिभाषक संघ देवास के नव निवार्चित अध्यक्ष अशोक वर्मा, उपाध्यक्ष पंकज पड्या, उपाध्यक्ष (महिला) गीता शर्मा, सचिव अतुल कुमार पंड्या, सहसचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह तोमर, पुस्तकालय सचिव श्वेतांक राज शुक्ला ने किया। हेमंत शर्मा ने शुक्ला के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।




नव निवार्चित अध्यक्ष अशोक वर्मा ने अपने उद्बोधन में शब्दों से स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया और संघ के अधिवक्ताओं के साथ मिलकर समय समय पर कई विषयों पर सेमिनार आयोजित करते रहेंगे।

द्वितीय चरण में मधुसूदन मिश्रा के उद्बोधन पश्चात न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला ने अपने उद्बोधन में देवास शहर की शख्सियतों के बारे बताया एवं नवीन कार्यकारिणी की आगामी रूपरेखा की प्रशंसा की।

अंत में अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी को शपथ न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के विजय कुमार शुक्ला साहब ने दिलाई। शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवास में अभिभाषक संघ का एक नया अध्याय आज से शुरू होने जा रहा है। जीवन में आप भले ही सफल हो या ना हो, लेकिन हमें एक अच्छा इंसान जरूर होना चाहिए। देवास की नगरी का इतिहास बहुत ही गौरवान्वित करने वाला है। मैं देवास अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी को बधाई देता हूँ सभी पदाधिकारी अपने कार्यकाल में न्याय हित में कार्य कर देवास का नाम गौरवान्वित करें। उपाध्यक्ष पंकज पंड्या ने आभार माना। संचालन अभिभाषक रघुवीर यार्दो ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता बडी संख्या में मौजूद थे।

## नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

चापडा। समीप ग्राम अमरपुरा में बुधवार शाम को एक नाबालिक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन द्वारा युवक को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके पश्चात परिजनों ने पुलिस चौकी प्रभारी उपेंद्र नहार को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही चौकी पभारी मौके पर पहुंचे। नहार ने बताया की ललित पिता देवकरण अमरपुरा उम्र 15 वर्ष ने अपने घर पर ही अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार के दिन युवक के शव का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। नहार ने बताया की मौत का कारण अभी अज्ञात है। मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवक ने विगत दोनों कक्षा दसवीं कि परीक्षा दी थी।

## खबर संक्षेप



### जावर पुलिस ने स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया

**जावर।** बुधवार को थाना जावर में वर्ष 2017 से , लगभग 7 साल से फरार स्थाई वारंटी लाडसिंह पिता गंगाराम निवासी लालपुरा चौकी मेहतवाड़ा थाना जावर को आज प्र आर मृत्युंजय तिवारी , सै राहुल द्वारा मुखबिरी लगाकर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया । जिसे न्यायलय आष्टा में पेश किया जा रहा है।

### बीजों के विक्रेताओं को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### इनर व्हील क्लब 304 की प्रेसिडेंट ने किया आष्टा का दौरा

# आज के युग में प्रकृति ने जो हमें दिया उसका लाभ लेना चाहिए: वीना शाह

महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील सोशल क्लब ने सादगी के साथ मनाया सम्मान समारोह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिवस स्थानीय गीतांजलि गार्डन ने महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील सोशल क्लब का पूर्ण सादगी के साथ एक भव्य सम्मान समारोह और स्नेह भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ । कार्यक्रम में शहर के सभी सम्मानित पत्रकार गण और विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत जनों का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक 304 के प्रेसिडेंट वीना शाह बतौर चीफ गेस्ट होकर शामिल हुई, उनका सम्मान क्लब की अध्यक्ष जयश्री शर्मा ने माला पहनाकर और साफा पहनाकर किया । उपाध्यक्ष रीना शर्मा सेकेट्री संगीता सोनी कोशा अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना सोनी एडिटर सीमा बैरागी ने भी किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गजानन के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वा क्लब की प्रार्थना कर हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा में कुमारी दिव्यांका शर्मा और उनकी सहयोगी ने क्लासिक नृत्य कर भगवान की आराधना की शानदार प्रस्तुति दी।

स्वागत सम्मान क्लब की अध्यक्षा जयश्री शर्मा ने मुख्य अतिथि वीना शाह को साफा और माला पहना कर क्लब की कॉलर पहनाकर सम्मानित किया। वहीं क्लब की अध्यक्षा जयश्री शर्मा को सचिव संगीता सोनी ने विधिवत क्लब की कॉलर पहनाई। आयोजन में शामिल हुए विशेष अतिथि के रूप में वीना शाह के पति अतुल शाह का भी सम्मान किया गया । कार्यक्रम में क्लब की ओर से स्वागत भाषण अध्यक्ष जयश्री शर्मा ने देकर सभी का अभिवादन किया। इसके बाद क्लब की सचिव संगीता सोनी ने वर्ष भर क्लब द्वारा किए सामाजिक कार्यों और विशेष प्रोजेक्टों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया । साथ ही कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और डिस्टिक चेयरमैन वीना शाह के जीवन का परिचय देते हुए संगीता सोनी ने बताया कि वीना शाह का जन्म केरल में हुआ और खंडवा के बिजनेस में अतुल शाह से परिणय सूत्र में बंध कर खंडवा में अपने पति जे साथ बहुत मेहनत और संघर्ष के साथ कर्मशील रही वीना शाह आज एक सफल बिजनेसमैन की पत्नी होकर क्लब के डिस्टिक चेयरमैन का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन कर रही हैं। श्रीमती शाह ने कहा की आष्टा क्लब ने बहुत अच्छे पोरजेक्ट किए जो बेटियों के लिए गुड टच बेड टच का जो प्रोजेक्ट किया उस बेटी को फायदा हुआ, सोलर लाइट के बारे में उन्हें बताया और कहा की आज के युग में प्रकृति ने जो हमे दिया है, उसका लाभ हमे लेना चाहिए , सोलर लाइट व्यवस्था के माध्यम से हम प्रकृति का लाभ लेकर अपने शहर में आवश्यकता अनुसार उजाला कर सकते हैं। आज सोलर लाइट की उपयोगिता




अति आवश्यक है। प्रसिटेंट वीना शाह के हाथों कार्यक्रम के दौरान भी एक मुख्य प्रोजेक्ट करते हुए क्लब ने समाज की एक निर्धन महिला मंजू विश्वकर्मा को सहयोग करते हुए कपड़े धोने की सेमी आटोमेटिक वाशिंग प्रदान की। कार्यक्रम में नए को सदस्यों पिन लगा कर क्लब में ज्वाइन कराया । कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पधारे नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा को क्लब की ओर से एक ज्ञापन भी दिया गया जिसने प्रमुखता से मांग रखी गई की शहर में एक वृद्धा आश्रम खोला जाए । कार्यक्रम ने उपस्थित सभी सामाजिक समाज सेवी जनप्रतिनिधि, सभी पत्रकार जनों जा माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। नगर पालिका प्रतिनिधि राय सिंह जी मेवाड़ा जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, भाजपा नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा , बीईओ अजब सिंह राजपूत , बीआरसीसी तरुण बैरागी, शिक्षा समन्वयक अनिल श्रीवास्तव, मंडी सचिव प्रवीण चौधरी, अल्फा पैथोलॉजी लेब के संचालक और समाजसेवी राहत अली, पार्षद तारा कटारिया ,पार्षद अंजली चौरसिया, एडवोकेट अनीता यादव, एक्स आर्मी संतोष शर्मा, गो शाला अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, उपाध्यक्ष संजय सुराणा , एडवोकेट और वरिष्ठ समाज सेवी नगीन चंद जैन , हाल ही ने मां वैष्णव देवी की लगभग 1800 किलोमीटर की पदयात्रा करने वाले और समाजसेवी वीरेंद्र कुमार राठौर के साथ साथ। सुशील संचेती , कमल पांचाल, किरण राका ,दिनेश शर्मा नवीन शर्मा धनंनजय जाट,कृष्ण पटेल, संजय जोशी, निलेश शर्मा, गणेश दुबे आदि का भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

## अधूरा पड़ा नल-जल योजना का काम, 3 किमी दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनपद का ग्राम कजलास के लोग ग्राम पंचायत की अनदेखी के कारण मार्च माह में ही पानी को लेकर परेशान हैं। ग्राम कजलास में मार्च माह में जलसंकट काफी गहरा गया है, अभी की यह स्थिति है, तो मई व जून में 40 से 45 डिग्री की गर्मी में क्या हाल होंगे। गांव के लोग पानी के लिए दर-दर भटकते हैं। कई किलोमीटर दूर जाकर पानी भरने को मजबूर हैं।

बता दें कि ग्राम पंचायत कजलास में 1 करोड़ 7 लाख 85 हजार की नल जल योजना स्वीकृत होने के बाद भी गांव पानी के लिए तरस रहा। नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। इसमें इंजीनियर द्वारा लापरवाही सामने आ रही है। पिछले वर्ष कलेक्टर ग्राम कजलास पहुंचे थे, इस दौरान ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने गांव में जल संकट की समस्या से अवगत कराया था। इस दौरान कलेक्टर ने इंजीनियर को फटकार लगाकर एक माह में नल जल योजना का अधूरा कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे इसके बाद भी कार्य अधूरा है। ग्राम पंचायत कजलास में लगभग 5 हजार आबादी हैं, लेकिन आज भी यहां के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। कजलास में ग्रामीण की समस्या को देखते हुए घर-घर तक पानी पहुंचाने के लिए शासन ने कुछ माह पूर्व 1 करोड़ 7 लाख 85 हजार रुपए की नल जल योजना स्वीकृत की है। वही ग्राम में लाखो रुपए की लागत से बनाई गई पानी की टंकी शोपीस बनी हुई है। गांव में पीएचई विभाग द्वारा लगभग 12 हेंडपंप लगाए गये थे, लेकिन उनका का जल स्तर नीचे चले जाने के कारण धीरे-धीरे बंद हो गए है।

## नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान का आयोजन जारी: दूसरे दिन 7 पूजा विधान कर भगवान को अर्पित किए 56 अर्घ्य



**आष्टा।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर में विराजित मुनि श्री भूतबलि सागर महाराज के सानिध्य में नंदीश्वर द्वीप महा-मण्डल विधान का आयोजन जारी है। आयोजन के दूसरे दिन 7 पूजा विधान की कर 56 अर्घ्य अर्पित किए गए। कार्यक्रम में बाल ब्रह्मचारिणी मंजूला दीदी अपनी मधुर आवाज में धार्मिक विधि विधान से करा रही है। इस दौरान मुनि श्री भूतबलि सागर महाराज ने कहा कि आप सभी अष्टान्हिका महापर्व पर बड़ी ही भक्ति भाव के साथ आराधना कर रहे हैं। आठ दिवसीय श्री नन्दीश्वर द्वीप महामण्डल विधान पूजन के संगीतमय आयोजन में समाज जन का उत्साह देखते हुए लगता है कि सभी में धर्म आराधना की काफी लगन है।

महाराज ने कहा कि विशेष पुण्य अर्जन का अवसर है। प्यास बढ़ती है ,भूख बढ़ती है तो मां बच्चों को कुछ न कुछ दे देती है। उसी प्रकार आपकी धर्म आराधना करने के लिए प्यास बड़ी है, निरन्तर धार्मिक क्रियाओं में ही लगे रहो। इसी से आपका भाग्य पुण्य में परिवर्तित होगा। पर्व के रोज शांति धारा, अभिषेक और नन्दीश्वर द्वीप महामण्डल विधान का संगीतमय वृहद पूजन किया जा रहा है।

## गामी गैस एजेंसी को बेहतर सेवाओं के लिए मुंबई में इंडियन ऑयल ने किया सम्मानित






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में एलपीजी सिलेंडर की सुविधा उपलब्ध कराने वाली प्रतिष्ठित गैस एजेंसी गामी गैस एजेंसी को अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए मुंबई में अयोजित एक कार्यक्रम में इंडियन ऑयल ने सम्मानित किया। प्राप्त जानकारी अनुसार आष्टा एलपीजी गैस वितरक गामी गैस एजेंसी के प्रोप्राइटर जितेन्द्र पाटीदार को आष्टा में उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाओं और इस छेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुंबई में अयोजित कार्यक्रम में इंडियन ऑयल के चेयरमैन द्वारा सम्मानित किया गया ।

आपको बता दे की इस आयोजन में भारत भर के केवल 50 के लगभग गैस वितरक और मध्य प्रदेश से महज 2 वितरक का चयन हुआ था!जिसमे सिहोर जिले की गामी गैस एजेंसी के संचालक आष्टा जीतेंद्र पाटीदार भी मुंबई में अयोजित इंडियन ऑयल के इस कार्यक्रम में शामिल हुऐ जहां गामी गैस एजेंसी संचालक जितेंद्र पाटीदार को इंडियन ऑयल के चेयरमैन ने सम्मानित किया।

इस दौरान गामी गैस एजेंसी को इस उपलब्धि पर बधाई का सिलसिला जारी है और शहर वासी जितेंद्र पाटीदार को बधाई शुभकामनाए दे रहे है।

## लहसून, प्याज बेचने आ रहे किसानों और व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करें मंडी प्रशासन : कुशवाह

**आष्टा।** नवीन कृषि उपज मंडी में लहसून, प्याज की नीलामी देरी से हो रही हैं। उन्नतशील फल सब्जी मंडी व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने बुधवार को कृषि उपज मंडी सचिव प्रवीण चौधरी को व्यापारियों की मांगों का निराकरण करने के संबंध में मांग पत्र सौंपा है। अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने पत्र के माध्यम से मंडी प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान समय में लहसून की अत्यधिक आवक के कारण किसानों द्वारा विक्रय के लिए लाई जा रही लहसून की नीलामी अत्यधिक विलंब से हो रही है। नीलामी के लिए मंडी से केवल एक ही अधिकारी नियुक्त है। ऐसी स्थिति में नीलामी काफी विलंब से हो रही है। जिस कारण किसान और व्यापारी परेशान हो रहे हैं।



नीलामी कार्य शाम तक चलता है। नीलामी की लिखा पढी करने के लिए भी पत्र में मंडी प्रशासन से अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए जाने की मांग की हैं। पत्र में मंडी प्रांगण में पीने के पानी की व्यवस्था और व्यापारियों को खरीदे गए उत्पाद को भंडारित करने के लिए भंडार गृह भी आवंटित करने की मांग की है। उन्नतशील फल सब्जी मंडी व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने पत्र की प्रति प्रशासक मंडी प्रशासन को भी प्रेषित की है।

## जावर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जावर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत संपूर्ण प्रदेश में आदर्श संहिता प्रभावशील है। आगामी निर्वाचन शांति पूर्ण रूप से संपन्न हो इस उद्देश से पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग सीहोर एव एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में सीहोर जिले के आष्टा अनुविभागीय पुलिस थाना जावर क्षेत्र में पुलिस बल ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला जावर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ कर जावर कस्बा क्षेत्र के मैन मार्केट महावीर मार्ग गंजपुरा से लेकर ग्राम मेहतवाड़ा के मुख्य मार्ग से निकाला गया इस दौरान थाना प्रभारी जावर रामनारायण मालवीय , एवं थाना जावर पुलिस टीम मौजूद रही।



## आष्टा में गैंगरेप: पिता का इलाज कराने गई थी अस्पताल, नाबालिग और दोस्त के भाई ने की वारदात

**आष्टा।** जनपद की ग्राम पंचायत अरनिया राम की शादीशुदा महिला से गैंगरेप की वारदात सामने आई है। महिला इलाज कराने के लिए आष्टा गई थी। वहां अस्पताल में उसके दोस्त का भाई सचिन मिला। सचिन ने अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर महिला के साथ गैंगरेप किया।

महिला ने इसकी शिकायत आष्टा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार महिला अपने पिता का इलाज कराने के लिए आष्टा आई थी, जहां उसके दोस्त का भाई सचिन (19) मिला। आरोपी महिला को एक कमरे में ले गया। जहां उसने अपने नाबालिग साथी के साथ महिला से दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 डी के तहत अपराध दर्ज करा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## पूजा-पाठ कर की उपार्जन की तैयारी



**सीहोर।** श्यामपुर। श्यामपुर में सभी वेयरहाउस पर समिति द्वारा पूरी तैयारी कर ली। अभी स्लॉट बुक नहीं होने के कारण किसान ट्राली लेकर नहीं आएश्यामपुर के आसपास जानकी वेयर हाउस, तिरुपति वेयर हाउस, नीलेश वेयर हाउस, श्री गणेश वेयर हाउस पर खरीदी हो रही है लेकिन सलाट बुक नही होने के कारण किसान अपनी उपज नही लेकर आए जानकी वेयर हाउस पर समिति पान विहार के प्रबन्धक दीपक सिंह द्वारा मशीन कि पूजा कर तैयारी पूरी कर ली।

## चुनाव और त्यौहार को लेकर श्यामपुर नगर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**श्यामपुर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टि गत संपूर्ण मध्य प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आगामी निर्वाचन शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशन पर थाना श्यामपुर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। श्यामपुर पुलिस द्वारा फ्लैगमार्च थाना परिसर से शुरू कर श्यामपुर कस्बा मेंन बाजार मुख्य मार्ग से निकाला गया। इस फ्लैग मार्च में तहसील श्यामपुर से नायब तहसीलदार धनजी मालवी य श्यामपुर थाना प्रभारी संध्या मिश्रा व समस्त थाना स्टॉफ सम्मिलित हुए।

### जगह नहीं होने से किसान शांति नगर और कन्नौद मार्ग पर वाहन खड़े कर रहे हैं

# कृषि उपज मंडी में गेहूं की बंपर आवक : रोजाना पहुंच रही 1000 से 1200 ट्रैक्टर ट्राली, कन्नौद मार्ग तक लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा क्षेत्र में गेहूं की कटाई होने के साथ ही अब कृषि उपज मंडी में गेहूं की आवक तेज हो गई है। कृषि उपज मंडी परिसर ट्रैक्टर ट्रालियों से भर गया है। हालात यहां हैं कि मंडी के पीछे वाहनों खड़े हो रहे है। उसके बाद भी जगह नहीं होने से किसान शांति नगर और कन्नौद मार्ग पर वाहन खड़े कर रहे हैं। इस कारण यातायात व्यवस्था भी बिगड़ रही है। मंडी में रोजाना करीब 1000 से 1200 ट्रैक्टर ट्राली पहुंच रहे हैं।

दरअसल, संख्या ज्यादा होने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए ज्यादा समय लग रहा है। कई किसान रात में भी पहुंच रहे हैं, तो अगली रात तक उनका नंबर आ रहा है। किसानों ने बताया कि इस बार



उपज पर मौसम की मार का भी असर है। पहले जहां एक एकड़ में 18 से 20 क्विंटल उपज होती थी, इस बार 10 से 12 क्विंटल रह गई है। किसानों के अनुसार उपज की क्वालिटी के हिसाब से भाव मिल रहे हैं। इस बार मंडी में 2400 से लेकर 2700 तक के भाव मिल रहे हैं। मंडी में औसतन 15000 से 25000 क्विंटल के बीच में आवक हो रही है सोमवार को कृषि उपज मंडी में सर्वाधिक 28984 क्विंटल की आवक रही। मंगलवार को भी मंडी में बंपर आवक हुई है।

### हर सीजन में होती है बंपर आवक

आष्टा की कृषि उपज मंडी पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। यही कारण है कि सीजन में आष्टा कृषि उपज मंडी में बंपर आवक रहती है। मंडी में क्षेत्र के अलावा देवास, शाजापुर, हरदा जिले के किसान अपनी उपज लेकर आते हैं।

मंडी समिति के अरविंद झावर ने बताया कि हर बार सीजन में कृषि उपज मंडी में बंपर आवक होने कारण जब मंडी प्रांगण फुल भरा जाता है, तो ट्रैक्टर ट्रालियों की कन्नौद मार्ग पर लाइन लग जाती है। अस्थाई व्यवस्था मंडी के पीछे की गई है, लेकिन फिर भी शांति नगर के अलावा कन्नोद मार्ग पर लाइन लग जाती है।

## विश्वकर्मा मंदिर में गुलाल व फूलों से मना फाग महोत्सव

**आष्टा।** विश्वकर्मा राधा कृष्ण मंदिर में विश्वकर्मा समाज द्वारा होली मिलन समारोह फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। फाग महोत्सव मे राधा कृष्ण व विश्वकर्मा की प्रतिमा के साथ मंदिर को भी सजाया गया। सभी समाज जनों द्वारा फूलों व गुलाल से होली खेली गई व नृत्य करते हुए एक दूसरे को रंग लगाया। बड़ी संख्या में समाज के लोग फाग महोत्सव में शामिल हुए और फूलों की होली का आनंद लिया। बैठक आयोजित कर श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव के आय व्यय का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज समिति आष्टा के सभी पदाधिकारी, युवा संगठन के सभी सदस्य तथा सामाजिक बंधुजन बड़ी संख्या में उत्सव में सम्मिलित हुए।

**कार्यालय माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेडा**
**जिला आगर मालवा म.प्र.**

क्रमांक/नाना/2024/148 नलखेडा दि. 21-03-2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए माँ बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह, दीपमाला, राधाकृष्ण मंदिर, भैरव महाराज मंदिर, हनुमान जी मंदिर धर्मशाला एवं मंदिर परिसर की रंगाई पुताई कार्य करवाया जाना है। इस रंगाई- पुताई कार्य हेतु केवल मजदूरी के टेंडर दिनांक 21-03-2024 से 28-03-2024 तक तहसील कार्यालय नलखेडा के नायब नाजिर कक्ष में आमंत्रित किए जाते है। इच्छुक व्यक्ति या फर्म बंद लिफाफे में टेंडर आफलाईन प्रस्तुत कर सकते है।

टीप- 1-पुताई हेतु कलर, ब्रश आदि सामग्री मंदिर समिति द्वारा प्रदान की जावेगी 2-उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत नियम-शर्ते तहसील कार्यालय नलखेडा के नायब नाजिर कक्ष में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

**सचिव एवं तहसीलदार**
**माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेडा**

## लोकसभा चुनावों को लेकर निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

# मतदाता पर्ची से नहीं दे पाएंगे वोट 12 में से कोई एक दस्तावेज जरूरी

### 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी 1 को दिखाकर हो सकेगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चुनावों में वोट डालने के लिए मतदाता अक्सर मतदाता पर्ची अपने साथ बूथ पर ले जाया करते हैं। लेकिन यह मतदाता पर्ची वोट डालने के लिए मतदाता फोटो पहचान के रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। वोट डालने के लिए मतदाता को वोटर कार्ड या चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी को प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष दीक्षित ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो दर्ज है परन्तु किसी वजह से उसके पास वोटर कार्ड उपलब्ध नहीं है, ऐसी स्थिति में भी वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगा।

वोटर कार्ड या मतदाता परिचय पत्र के अलावा आयोग ने 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज निर्धारित किए हैं जिन्हें दिखाकर मतदान किया जा सकेगा। इसी प्रकार यदि किसी कारण से नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में है तो भी वह मतदान कर सकेगा। जिला निवार्चन अधिकारी ने बताया कि अप्रवासी भारतीय मतदाताओं(एनआरआई) को पहचान के लिए केवल अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि इपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान संभव नहीं है तो उस मतदाता को 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाना होगा।

### मुद्रक, प्रकाशक को प्रावधानों का पालन करना जरूरी

*कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्ष दीक्षित ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यार्थियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण और प्रकाशन को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, के तहत द्वारा शासित किया जाता है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य-पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा। निर्वाचन-पुस्तिका या पोस्टर मुद्रित करेगा, न मुद्रित करायेगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्याता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते है अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा को परिदत्त कर देता है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दीक्षित ने निर्देश में कहा कि दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बावत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है यह समझ जायेगा कि वह मुद्रण है। निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर से किसी अभ्यर्थी के निर्वाचन को सम्प्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका पर्ची या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टियों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्चा संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्ची प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आएगा।*

**इन 12 में से किसी एक को दिखाना अनिवार्य**

- वोटर कार्ड
- आधार कार्ड
- पेन कार्ड
- ड्राइविंग लायसेंस
- पोस्ट ऑफिस की पासबुक
- मनरेगा जॉब कार्ड
- पासपोर्ट
- फोटोयुक्त पेंषन दस्तावेज
- कंपनियों के आईडी कार्ड।
- स्मार्ट कार्ड
- स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- दिव्यांगजनों के यूनिक कार्ड
- सांसदों, विधायकों, एमएलसी के आधिकारिक पहचान पत्र।

## आदेश के एक हफ्ते बाद भी इंजीनियर को नहीं किया गया रिलीव

### एनएचएम ने 14 मार्च को जारी किया था स्थानांतरण आदेश

**राजगढ़।** इस बात के अनेकों उदाहरण जिले में मौजूद हैं कि एक बार जो अधिकारी, कर्मचारी जिले में स्थानांतरित होकर आ जाता है फिर वो अपरिहार्य कारणों से यहां से जाना नहीं चाहता। विभिन्न विभागों में दर्जनों ऐसे इंजीनियर, डॉक्टर सहित अन्य ऐसे कर्मचारी हैं जो एक ही पदस्थपना स्थल पर 5 से 10 साल गुजार चुके हैं।

अगर स्थानांतरण हो भी जाता तो वे यहां से रिलीव न होकर किसी न किसी तरह अपने तबादले को कैंसिल कराने की फिराक में रहते हैं। जिला अस्पताल राजगढ़ में बतौर संविदा उपयंत्री के रूप में पदस्थ अजय कुमार कुशवाह को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेश क्रमांक 18804 दिनांक 14.03.2024 को रायसेन जिले में स्थानांतरित किया गया था। आचार संहिता प्रभावी होने साथ ही राज्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद हुए इस स्थानांतरण के बाद भी जब विभाग संबंधित कर्मचारी को रिलीव करने में हीलाहवाली कर रहा है जो कहीं न कहीं निवार्चन आयोग के निर्देशों की अवहेलना कही जा सकती है।

#### निर्वाचन प्रेक्षक से करेंगे शिकायत

युवक कांग्रेस पदाधिकारी अशोक वर्मा ने बताया कि अगर संबंधित इंजीनियर को जल्द रिलीव नहीं किया जाता है तो वे आने वाले दिनों में निर्वाचन प्रेक्षक से लिखित में इसकी शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में कई अधिकारी, कर्मचारी वर्षों से मलाईदार पदों पर जमे हैं।

## विश्व गौरैया दिवस पर विद्यार्थी परिषद का संकल्प नगर में लगाएंगे 500 से अधिक सकोरे

**सारंगपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सारंगपुर नगर इकाई की नगर बैठक बुधवार को संपन्न हुई। नगर मंत्री आदित्य शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की विद्यार्थी परिषद सारंगपुर द्वारा विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष में एसएफडी के माध्यम से नगर में 500 से अधिक सकोरे लगाने का संकल्प लिया है।

साथ ही विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए कार्डबोर्ड की मदद से आर्टिफिशियल नेट्स भी बनाएंगे ताकि पक्षियों को रहने का घर मिले वाले वा उन्हें गर्मी से बचाया जा सके। साथ ही अभियान की शुरुआत करते हुए महाविद्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं द्वारा 25 से अधिक सकोरे लगाकर अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें मुख्य रूप से प्रांत एसडीडी सह संयोजक आयुष चौहान उपस्थित



रहे। साथ ही इस वर्ष विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से रंगोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राजगढ़ जिला संगठन मंत्री अमित उपस्थित रहे।

### अभिभाषक संघ खिलचीपुर के चुनाव संपन्न

## महेश पीपलोटिया बने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

बुधवार को संपन्न हुए अभिभाषक संघ खिलचीपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर महेश पीपलोटिया ने जीत हासिल की। कल गिरे 61 मत में से 41 मत महेश पीपलोटिया को प्राप्त हुए। एडवोहकैट नासिर खान को 19 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार बड़े अंतर से उन्होंने जीत हासिल की। साथ ही सचिव पद हेतु एडवोकेट रामबाबू धाकड़ को विजय हासिल हुई। सहसचिव पद पर एडवोकेट रामचरण दांगी जीते। इसके पूर्व एडवोकेट नरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष एवं एडवोकेट सुरेंद्र सिंह खींची कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए किए गए बार एसोसिएशन खिलचीपुर के सभी सदस्यों ने महेश पीपलोटिया को उनके निर्वाचन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## 80 लीटर शराब जब्त कर एक आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब रखने व बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए नशा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ व एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संतोष वाघेला द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति भोई मोहल्ला सारंगपुर में उसके घर के पास अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब लेकर कहीं बेचने जा रहा था। सूचना पर थाना प्रभारी सारंगपुर संतोष वाघेला ने पुलिस टीम तैयार कर टीम रवाना की।

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान भोई मोहल्ला सारंगपुर पहुंचे छिपकर देखा तो मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का एक व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर वमुश्किल घेराबंदी कर पकड़ा व उस व्यक्ति के पास रखी दोनों केनो को चेक करने पर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब होना पाई।



उस व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम दूले सिंह पिता रामप्रसाद केवट निवासी भोई मोहल्ला सारंगपुर का होना बताया व उसके कब्जे में रखी कच्ची शराब के संबंध में वैध लाइसेंस व वैध कागजात के बारे में पूछने पर कोई लाईसेंस या वैध कागजात नही होना। बताया जिसका उक्त कृत्य अपराध धारा 34(2)आबकारी एक्ट का दंडनीय पाया जाने से आरोपी से 80 लीटर अवैध कच्ची शराब कीमती करीबन 16000 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया न्यायालय द्वारा आरोपी को जिला जेल राजगढ़ भेजा गया। उक्त कार्य में थाना सउनि आनंदीलाल भिलाला, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक श्याम शर्मा प्रआर कमल गुर्जर, प्रधान आरक्षक सतीश परमार आर. मिथुन का योगदान रहा।

## उर्स में आए युवकों से मारपीट कर मोबाइल और पैसे छीने

**राजगढ़।** मुख्यालय पर बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लग रहे सालाना उर्स में मंगलवार रात्रि खिलचीपुर के दो युवकों के साथ मारपीट और मोबाइल व रुपए छीने जाने की घटना हुई है। संबंधित युवक ने इस बारे में थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार खिलचीपुर निवासी कृष्णा नामदेव और चांदपुरा गांव निवासी दीपक राजूपत उर्स में घूमने आए थे। रात्रि करीब 2 बजे जब वे दोनों बाथरूम के लिए उर्स क्षेत्र के समीप ही एकांत में गए थे तभी 10 से 12 अज्ञात युवक आए और दोनों युवकों को पकड़कर मारपीट की। इस दौरान बदमाशों ने दीपक राजपूत का मोबाइल फोड़ दिया। वहीं कृष्णा का मोबाइल छीन ले गए। घटना के दौरान अन्य लोग भी एकत्रित हो गए और एक युवक को पकड़ लिया गया। वहीं अन्य भाग गए। पकड़े गए युवक को कोतवाली पुलिस को सौंपा गया है। इसमें कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर से बात करने पर उनका कहना था कि ये सभी आपस में लड़े थे। मोबाइल या पैसे छीनने जैसी घटना नहीं हुई है।

## प्रोग्रेसिव हाइट्स में रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

19 मार्च को प्रोग्रेसिव हाइट्स में 6 दिवसीय रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्तमान समय विज्ञान और तकनीकी का है। दुनिया में नित नई तकनीकी की खोज हो रही है तो हमें अपने आप को इस बदलाव के अनुसार ढालना जरूरी हो गया है। क्योंकि आगामी 5 वर्षों में ही हमारे निर्भरता एआई पर काफी बढ़ने वाली है। इसी सोच के साथ प्रोग्रेसिव हाइट्स ने अपने सभी विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन किया। गया जहां पर उन्हें विभिन्न प्रकार की टेक्नोलॉजी से रूबरू करवाया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक विषय की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इंदौर से आए प्रशिक्षित शिक्षक कुशाग्र मालिक द्वारा विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दी गई वह विद्यार्थियों को 3क डिजाइनर ड्रोन, एडवांस डिजाइनर टॉर्च, बेल, फेन ऑटोमेटिक स्पीड लाइट, रोबोटिक हैंड आदि सिखाया हुआ बनवाया गया। विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने कहा कि सचमुच में विद्यार्थियों को इस कार्यशाला से नई दिशा मिलेगी तथा भविष्य में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी क्योंकि भविष्य में रोजगार की बहुत बड़ी संभावना आज रोबोटिक सेक्टर में है।



## खाटू धाम पर हुआ फाग महोत्सव का आयोजन, दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर खुजनेर में स्थित श्री श्याम मंदिर पर फागुन एकादशी के दिन सुबह से ही देर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। दूर-दूर से भक्तजन श्री श्याम मंदिर पर पैदल चलकर निशान यात्रा लेकर पहुंचे। खाटू श्याम का भव्य आकर्षक श्रंगार भी किया। वहीं बाबा श्याम की महआरती भी की गई रात को श्री खाटू श्याम का फाग महोत्सव का आयोजन हुआ जिसमे अजमेर राजस्थान से भजन गायक पिंकी गहलो , खाटू धाम खुजनेर सतीश अग्रवाल के द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुती दी व फूलो की होली भी खेली7 श्री श्याम के भजनों पर भक्तजन जमकर थिरके बाब श्याम का अलौकिक दरबार सजाया व पावन ज्योत का आयोजन हुआ।



## जिले में रक्त की कमी को देखते हुए कंपनी के 103 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**जीरापुर।** सपने कभी सोने नहीं देते। कुंडलिया पेयजल परियोजना एलएनटी कंपनी द्वारा आठवां मिल जेतपुरा में महा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया।

इस समय राजगढ़ बल्ड बैंक में खून नहीं है। जैसे ही प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा को पता लगा तुरन्त राजगढ़ ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. पीके जैन निवेदन किया एवं 20 तारीख बुधवार को कैंप आयोजित किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने राजगढ़ ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए राजगढ़ की टीम निवेदन पर पहुंची जहां पर एलएनटी कंपनी के स्टाफ एवं रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया 103 युनिट ब्लड डोनेट किया एवं ब्लड डोनेट कैंप का शुभारंभ किया। भोपाल क्लस्टर के सिगमेड हेड रवि कुमार ,जल निगम के एस के जेन ,दादी बेनर्जी एवं प्रोजेक्ट मेनेजर अरुण हर्षा ने रक्त दाताओ का उत्साहवर्धन किया इस मौकेपर



सेफुद्दीन अहमद, दिलिप सिहं, सतीश चंद्र झा, उत्कृष्ट गुप्ता, अवनीश सक्सेना, राजकुमार भीलाला, देवेंद्र वर्मा, ईश्वर सिंह, समन सेन, शीतल उमठ, अभीजीत चटर्जी,डाँ रोहन दुगारिया सहित एल एन टी स्टाफ एवं रक्तदाता उपस्थित रहे।

### मार्केट में खरीदी करने आने वाली महिलाओं को होती है परेशानी

# सारंगपुर के मुख्य बाजार में नहीं सार्वजनिक शौचालय के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शहर के बाजार में अगर आप खरीदारी या अन्य किसी काम से जा रहे हैं तो अपने घर से लघुशंका एवं अन्य प्राकृतिक क्रियाओं से निवृत्त होकर जाएं। क्योंकि बाजार में इसके लिए किसी भी प्रकार के इंतजाम नहीं हैं। लंबे समय से महिलाओं के लिए इस प्रकार की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही गांधी चौक समीप स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स में अक्सर ताला जड़ा होने के कारण महिला व पुरुषों के लिए बनाए गए टॉयलेट भी इन दिनों महज शोपीस बनकर खड़े हुए हैं। जिसके कारण बाजार में खरीदी करने वाले लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार भले ही योजना लागू कर आमलोगों के सामने योजनाओं का जोर-शोर से बखान कर रही हो। लेकिन धरातल पर योजनाऐं आम नागरिकों की मंशा से कोसो दूर दिखाई दे रही है। बता दे की संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शहर के मुखर्जी चौक टेंशन चौराहा से लेकर गांधी चौक तक के क्षेत्र में एक भी सार्वजनिक शौचालय या टॉयलेट नहीं है। इसके अलावा जोशी दवाखाना भेरू दरवाजा रोड सहित प्रमुख स्थानों पर भी इस प्रकार के कोई इंतजाम होते नहीं दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में यहां खरीदारी करने के लिए आने वाली आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्व में शहर के गांधी चौक स्थित पुरानाअस्पताल पर नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स बनाया गया था। लेकिन वर्तमान में यहां ताला जड़ा रहता है। सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण बाजार में आने वाले लोग कहीं भी खुली जगहों पर लघुशंका करने पर विवश होते दिखाई देते हैं।

#### कैसे बनेगा ग्रीन और क्लीन

स्वच्छता अभियान के तहत खुद को नंबर वन बनाने के लिए प्रयास किए जाने का दावा करने वाले प्रशासनिक अधिकारी अभी तक जरुरी जनसुविधाए मुहैया कराने में पूरी तरह से फिसड्डी साबित हो रहे है। ऐसे में क्लीन और ग्रीन का नारा कैसे पूरा होगा जबकि उक्त मुद्दा नगर में शहरवासियों का सवालिया निशान बना हुआ है। सालों से दोनों ही प्रमुख पार्टियों के नेताओं द्वारा स्वच्छता कैटागिरी में शहर की स्थिती सुधारने और पिछली बार से आगे बढने का ढिंढोरा पीटते हुए प्रशासन द्वारा नंबरों का गणित जनता के सामने प्रस्तुत किया जाता आ रहा है। लेकिन असल मायनों में जनता के लिए जरुरी सुविधा मुहैया न होने से यह दावे पूरी तरह से खोखले साबित हो रहे हैं। शहर के बाजार में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण सबसे अधिक परेशानी



महिलाओं को होती है। बाजार में खरीदारी के लिए आने वाली महिलाओं को टॉयलेट आने पर बेहद शर्मिंदगी से गुजरना पड़ता है। ऐसे में आसपास अपने परिचितों के घरों का सहारा लेना उनकी मजबूरी बन जाता है तो कई बार उन्हें खुले में ही निवृत्त होने से लज्जित होना पड़ता है। इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित किए जाने के बाद भी आज तक इसका कोई स्थाई हल नही किया जा सका है।

#### बनने के बाद भी नहीं हो रहा उपयोग

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन परिषद द्वारा लाखों की लागत से पुराना अस्पताल के समीप बनाए गए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया था। लेकिन शासकीय पुराना अस्पताल बंद होने के कारण अब सुलभ कॉम्प्लेक्स सार्वजनिक शौचालय में अक्सर ताला जड़ा होता है। बाजार के व्यापारियों व नगरवासियों ने बंद पड़े कॉम्प्लेक्स को सुचारू रूप से खुला रखने की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अधिकारियों से की है।

**जानकारी लेता हूं**

आपके द्वारा सुलभ कॉम्प्लेक्स में ताला जड़ा होने की जानकारी मिली है। मैं जानकारी लेता हूं। अगर कॉम्प्लेक्स में ताला जड़ा है तो उसे खुलवाया जाएगा। साथ ही प्रमुख मार्गों और चौराहों पर नियम अनुसार 500 मीटर की दूरी पर शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

**लालसिंह डोडिया,** सीएमओ सारंगपुर।